# Press Release (Faculty Mentor Development Programme) – Cohort 1







**Participants of Faculty Mentor Development Program (FMDP)**

# युवाओं को सिखाए जाएंगे उद्यमिता के गुर

संवाद सहयोगी, विकासनगर: डाकपत्थर स्थित वीर शहीद केसरी चंद राजकीय महाविद्यालय में अब युवाओं को उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की कवायद शुरू की जाएगी। इस संबंध में सोमवार को देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डा. हरीश चंद्र ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्र के युवा छात्र-छात्राओं के कौशल को निखारने का काम किया जाएगा।

अहमदाबाद के भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त करके डाकपत्थर डिग्री कालेज के प्राध्यापक और देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डा. हरीश चंद्र वापस लौटे हैं। उन्होंने बताया कि डाकपत्थर डिग्री कालेज में युवाओं के भीतर मौजूद कौशल को निखारने के लिए देवभूमि उद्यमिता केंद्र खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से युवा छात्र-छात्राएं विभिन्न उद्योगों के संबंध में प्रशिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में स्नातक स्तर पर वैश्विक शिक्षा के साथ रोजगार व भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए कौशल विकास पाठ्यक्रम रखा गया है।

केंद्र के माध्यम से युवाओं को रोजगार परक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उनके रोजगार स्थापित करने के प्रयास को सरकार भी सीड मनी के रूप में मदद भी करेगी।

**Press Release-Vikasnagar (Dehradun)- 21 Nov. 2023**

## EDII છ દિવસના મેન્ટર ડેવલપમેન્ટ પ્રોગ્રામમાં ઉત્તરાખંડના પ્રોફેસરોને તાલીમ આપશે

છ દિવસીય ટ્રેનિંગ પ્રોગ્રામ બાદ ઉત્તરાખંડમાં વિવિધ સંસ્થાઓમાં બે દિવસીય બૂટ કેમ્પનું પણ આયોજન કરાશે

સિટી લાઇફ | આંત્રપ્રિન્યોરશિપ ડેવલપમેન્ટ ઈન્સ્ટિટ્યૂટ ઓફ ઈન્ડિયા (ઈડીઆઈઆઈ) આંત્રપ્રિન્યોરશિપ ડેવલપમેન્ટ અને સ્ટાર્ટઅપ સર્જનને પ્રોત્સાહિત કરવા માટે વિદ્યાર્થીઓને મેન્ટર કરવા હેતુથી ઉત્તરાખંડની ૨૨ યુનિવર્સિટી અને કોલેજના પ્રોફેસરોને તાલીમ આપશે. આ ટ્રેનિંગ પ્રોગ્રામ ઉત્તરાખંડ સરકારના ઉચ્ચ શિક્ષણ વિભાગ દ્વારા પ્રાયોજિત દેવભૂમિ આંત્રપ્રિન્યોરશિપ સ્કીમ હેઠળ આવે છે. સંસ્થાના કેમ્પસમાં ૫ નવેમ્બરે આ છ દિવસીય કાર્યક્રમ શરૂ થયો. પ્રોગ્રામના ભાગ રૂપે ઈનોવેશન, એન્ટરપ્રાઈઝ સર્જન તથા રાજ્ય અને કેન્દ્ર સરકાર દ્વારા ચલાવવામાં આવતી યોજનાઓ અને તેના લાભો વિશે જ્ઞાનના આદાન-પ્રદાન માટેના સેશન્સ યોજાશે.



### ૯૦ પ્રોફેસરોને ત્રણ જૂથોમાં આંત્રપ્રિન્યોરશિપની તાલીમ અપાશે

દેવભૂમિ આંત્રપ્રિન્યોરશિપ સ્કીમ હેઠળ કુલ ૯૦ પ્રોફેસરોને ત્રણ પાર્ટમાં આંત્રપ્રિન્યોરશિપની તાલીમ આપવામાં આવશે. પહેલા સેશનમાં ઉત્તરાખંડની વિવિધ સરકારી સંસ્થાઓમાંથી ૨૨ ફેકલ્ટી સભ્યો આ ટ્રેનિંગ પ્રોગ્રામમાં ભાગ લેવા માટે અમદાવાદ પહોંચ્યા છે. આ ઉપરાંત અલ્મોડાના, બાગેશ્વર, ચમોલી, ચંપાવત, દેહરાદૂન, હરિદ્વાર, નૈનીતાલ, પૌરી ગઢવાલે, પિથોરાગઢ, રુદ્રપ્રયાગ, તેહરીગઢવાલ અને ઉત્તરકાશીના ફેકલ્ટી સભ્ય ભાગ લઈ રહ્યા છે. સહભાગીઓની પસંદગી જનરલ એન્ટરપ્રાઇઝિંગ ટેન્ડન્સી ટેસ્ટ (જીઈટીટી) દ્વારા કરવામાં આવી છે.

**Faculty Mentor Development Programm in Devbhoomi Udyamita Kendra in Ahmedabad (Gujarat)**

**Date- 09/11/2023**

## EDII મેન્ટર ડેવલપમેન્ટ પ્રોગ્રામમાં ઉત્તરાખંડના પ્રોફેસરોને તાલીમ આપશે

ગાંધીનગર: EDII ઉત્તરાખંડ સરકારના ઉચ્ચ શિક્ષણ વિભાગના દેવભૂમિ આંત્રપ્રિન્યોરશિપ સ્કિમ હેઠળ ઉત્તરાખંડની 22 યુનિવર્સિટી અને કોલેજના પ્રોફેસરોને છ દિવસીય ટ્રેનિંગ આપશે. આંત્રપ્રિન્યોરશિપ ડેવલપમેન્ટ અને સ્ટાર્ટઅપને પ્રોત્સાહિત કરવા અને સ્ટુડન્ટ્સને મેન્ટર કરવા માટે ટ્રેનિંગ સેશન યોજાશે. ટ્રેનિંગમાં પ્રોફેસરોને ક્રિએટિવ થિંકિંગ, ડિઝાઇન થિંકિંગ, બિઝનેસ મોડલ કેન્વાસ, બિઝનેસ પ્લાન, સ્ટાર્ટઅપ ઈન્ક્યુબેશન, ફંડિંગ અને આંત્રપ્રિન્યોરશિપ એજ્યુકેશનની ટેકનીક સુધારવામાં મદદ કરાશે.

# ઈડીઆઈઆઈ દેવભૂમિ આંત્રપ્રિન્યોરશિપ સ્કીમ હેઠળ છ દિવસના મેન્ટર ડેવલપમેન્ટ પ્રોગ્રામમાં ઉત્તરાખંડના પ્રોફેસરોને તાલીમ આપશે

આંત્રપ્રિન્યોરશિપ ડેવલપમેન્ટ ઇન્સ્ટિટ્યૂટ ઓફ ઈન્ડિયા (ઈડીઆઈઆઈ) આંત્રપ્રિન્યોરશિપ ડેવલપમેન્ટ અને સ્ટાર્ટઅપ સર્જનને પ્રોત્સાહિત કરવા માટે વિદ્યાર્થીઓને મેન્ટર કરવા હેતુથી ઉત્તરાખંડની ૨૨ યુનિવર્સિટી અને કોલેજના પ્રોફેસરોને તાલીમ આપશે. આ ટ્રેનિંગ પ્રોગ્રામ ઉત્તરાખંડ સરકારના ઉચ્ચ શિક્ષણ વિભાગ દ્વારા પ્રાયોજિત દેવભૂમિ આંત્રપ્રિન્યોરશિપ સ્કીમ હેઠળ આવે છે. સંસ્થાના કેમ્પસમાં ૫ નવેમ્બરે આ છ દિવસીય કાર્યક્રમ શરૂ થયો હતો.

પ્રોગ્રામના ભાગ રૂપે ઈનોવેશન, એન્ટરપ્રાઈઝ સર્જન તથા રાજ્ય અને કેન્દ્ર સરકાર દ્વારા ચલાવવામાં આવતી યોજનાઓ અને તેના લાભો વિશે જ્ઞાનના આદાન-પ્રદાન માટેના સેશન્સ યોજાશે. આ ટ્રેનિંગ પ્રોફેસરોને ટીમ બિલ્ડિંગ અને



સંકલનમાં વિદ્યાર્થીઓને પ્રોત્સાહિત કરવા માટે તૈયાર કરશે અને સર્જનાત્મક વિચારસરણી, ડિઝાઈન વિચારસરણી, બિઝનેસ મોડલ કેનવાસ, બિઝનેસ પ્લાન, સ્ટાર્ટઅપ ઈક્યુબેશન, ફંડિંગ અને ઉદ્યોગસાહસિકતા શિક્ષણની તકનીકોને સુધારવામાં મદદ કરશે. તાલીમ પછી, પ્રોફેસરો વિદ્યાર્થીઓને માર્ગદર્શન આપવા અને નેતૃત્વ કુશળતા વિકસાવવા માટે સક્ષમ થશે.

देवभूमि उद्यमिता योजना | छह दिनों का फैकल्टी मेंटर डवलपमेंट प्रोग्राम

## उत्तराखंड के प्रोफेसर सीख रहे प्रशिक्षण के गुर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**अहमदाबाद.** उत्तराखंड के प्रोफेसर इन दिनों भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद में उद्यमिता प्रशिक्षण के गुर सीख रहे हैं। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत छह दिनों का फैकल्टी मेंटर डवलपमेंट प्रोग्राम के लिए ये प्रोफेसर यहां आए हैं।

उत्तराखंड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से पहले कोहोर्ट के तहत 22 प्रोफेसर आए हैं। इस योजना के नोडल अधिकारी व उच्च शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक डॉ दीपक पाण्डेय ने बताया कि योजना का उद्देश्य राज्य के विश्वविद्यालयों एवं राजकीय संस्थानों में नयी शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप नवाचार एवं उद्यम का पारिस्थिति तंत्र विकसित करना है। इस योजना के तहत तीन कोहोर्ट में कुल 90 प्रोफेसरों को उद्यमिता का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न राजकीय संस्थानों से 22 फैकल्टी पहुचे हैं। इनमें देहरादून, नैनीताल व टिहरी गढ़वाल से 3-3, अल्मोड़ा, चमोली, हरिद्वार व पौड़ी गढ़वाल से 2-2 तथा बागेश्वर, चम्पावत, पिथोरागढ़, रुद्रप्रयाग व उत्तरकाशी से एक फैकल्टी शामिल हैं। इनका चयन जनरल इंटर एन्टप्राइजगि टेनडेंसी टेस्ट (जीईटीटी) टेस्ट के माध्यम से किया गया है। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान प्रशिक्षकों के सहयोग से इस योजना का क्रियान्वयन करेगा। अगले 5 वर्षों मे पचास हजार छात्रों को उद्यम के प्रति जागरूक और पंद्रह हजार छात्रों को उद्यमिता का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### प्रत्येक संस्थान में देवभूमि उद्यमिता केंद्र की स्थापना

**ईडीआईआई के** मुताबिक इस छह दिवसीय कार्यक्रम में प्रोफेसरों को इस प्रकार से तैयार किया जाएगा कि वे अपने-अपने संस्थान में एक मेंटर के रूप में छात्रों को मार्गदर्शन दे सकें। प्रशिक्षण के तहत नवाचार, उद्यम की मूलभूत जानकारी, राज्य व केंद्र सरकार की ओर से संचालित योजनाओं तथा इन योजनाओं को अपने संस्थान को लाभान्वित करने के उपाय शामिल हैं। ये मेंटर योजना की विभिन्न गतिविधियों को अपने -अपने संस्थानों में आयोजित करेंगे।

# सरकारी डिग्री कॉलेजों में स्थापित होगा देवभूमि उद्यमिता केंद्र

देहरादून। प्रदेश के सभी 119 राजकीय महाविद्यालयों में देवभूमि उद्यमिता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। यह कहना है देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी एवं सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा डॉ. दीपक कुमार पांडेय का।

उन्होंने कहा, योजना के तहत छात्रों में उद्यमशील गुणों की पहचान करने के बाद उनका विकास किया जाएगा। नोडल अधिकारी के मुताबिक, योजना का उद्देश्य राज्य के विश्वविद्यालयों एवं राजकीय संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप नवाचार एवं उद्यम का पारिस्थितिक तंत्र विकसित करना है।

देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 90 प्राध्यापकों को उद्यमिता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। राज्य उच्च शिक्षण संस्थाओं के 22 संकाय सदस्यों ने ईडीआईआई, अहमदाबाद में पांच नवम्बर से 10 नवंबर तक प्रशिक्षण लिया है।

नैनीताल, टिहरी गढ़वाल से तीन-तीन, हरिद्वार, अल्मोड़ा, चमोली, देहरादून से दो-दो, और पौड़ी गढ़वाल, बागेश्वर, उत्तरकाशी, चंपावत, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग से एक-एक संकाय सदस्यों ने प्रतिभाग किया। अगले दो बैच अगले महीने दिसंबर में छह दिवसीय फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए ईडीआईआई अहमदाबाद जाएंगे। ब्यूरो

**Press Release@ Dehradun**

**Date: -11 Nov, 2023**

# डिग्री कॉलेजों में स्थापित होगा देवभूमि उद्यमिता केंद्र

## छात्रों में गुणों की पहचान के बाद किया जाएगा विकास

माई सिटी रिपोर्टर

देहरादून। प्रदेश के सभी 119 राजकीय महाविद्यालयों में देवभूमि उद्यमिता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। यह कहना है देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी एवं सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा डॉ. दीपक कुमार पांडेय का।

उन्होंने कहा, योजना के तहत छात्रों में उद्यमशील गुणों की पहचान करने के बाद उनका विकास किया जाएगा। नोडल अधिकारी के मुताबिक, योजना का उद्देश्य राज्य के विश्वविद्यालयों एवं राजकीय संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप नवाचार एवं उद्यम का पारिस्थितिक तंत्र विकसित करना है।

देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 90 प्राध्यापकों को उद्यमिता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। राज्य उच्च शिक्षण संस्थाओं के 22 संकाय सदस्यों ने ईडीआईआई, अहमदाबाद में पांच नवम्बर से 10 नवंबर तक प्रशिक्षण लिया है। नैनीताल, टिहरी गढ़वाल से तीन-तीन, हरिद्वार, अल्मोड़ा, चमोली, देहरादून से दो-दो, और पौड़ी गढ़वाल, बागेश्वर, उत्तरकाशी, चंपावत, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग से एक-एक संकाय सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

अगले दो बैच अगले महीने दिसंबर में छह दिवसीय फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए ईडीआईआई अहमदाबाद जाएंगे।

**90**
**प्राध्यापकों को उद्यमिता प्रशिक्षण दिया जाएगा**

### उद्यमिता केंद्रों में इस पर रहेगा जोर

- छात्रों में उद्यमशील गुणों को पहचान करना और उनका विकास करना।
- स्टार्ट-अप अवसर की पहचान करना।
- उद्यमिता पर पाठ्यक्रम विकसित करना।
- स्टार्ट-अप फंडिंग और वेंचर कैपिटल।
- उत्तराखंड में उद्यमिता के उभरते अवसर और उनके प्रोजेक्ट प्रोफाइल बनाना।
- एनईपी-2020 के अनुसार कौशल-विकास पाठ्यक्रम कोर्स डिजाइन करना।
- पुस्तकालय संसाधन और आईटी पर चर्चा।

**Amar Ujala (11 Nov,2023), Dehradun**

## डॉ. शुभम काला ने गुजरात में लिया उद्यमिता का प्रशिक्षण

**जयहरीखाल।** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. शुभम काला ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद (गुजरात) में छह दिवसीय फैकल्टी मेंटर डेवलेपमेंट प्रोग्राम में प्रतिभाग कर प्रशिक्षण लिया। डॉ. शुभम काला ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद मेंटर के रूप में वह महाविद्यालय के छात्रों को नवाचार उद्यमिता की मूलभूत जानकारी देने के साथ ही सरकार की योजनाओं से अवगत कराएंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने बताया कि जल्द महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता केंद्र की स्थापना की जाएगी। संवाद



पीजी कॉलेज जयहरीखाल के प्राध्यापक डॉ. शुभम काला को प्रमाणपत्र देते आयोजक। संवाद

**Press Release in Jaiharikhal@Pauri Garhwal (15/11/2023)**

## सरकारी डिग्री कॉलेजों में स्थापित होगा देवभूमि उद्यमिता केंद्र

**देहरादून।** प्रदेश के सभी 119 राजकीय महाविद्यालयों में देवभूमि उद्यमिता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। यह कहना है देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी एवं सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा डॉ. दीपक कुमार पांडेय का।

उन्होंने कहा, योजना के तहत छात्रों में उद्यमशील गुणों की पहचान करने के बाद उनका विकास किया जाएगा। नोडल अधिकारी के मुताबिक, योजना का उद्देश्य राज्य के विश्वविद्यालयों एवं राजकीय संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप नवाचार एवं उद्यम का पारिस्थितिक तंत्र विकसित करना है।

देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 90 प्राध्यापकों को उद्यमिता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। राज्य उच्च शिक्षण संस्थाओं के 22 संकाय सदस्यों ने ईडीआईआई, अहमदाबाद में पांच नवम्बर से 10 नवंबर तक प्रशिक्षण लिया है।

नैनीताल, टिहरी गढ़वाल से तीन-तीन, हरिद्वार, अल्मोड़ा, चमोली, देहरादून से दो-दो, और पौड़ी गढ़वाल, बागेश्वर, उत्तरकाशी, चंपावत, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग से एक-एक संकाय सदस्यों ने प्रतिभाग किया। अगले दो बैच अगले महीने दिसंबर में छह दिवसीय फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए ईडीआईआई अहमदाबाद जाएंगे। ब्यूरो

**Newspaper in Dehradun**

**Date- 11/11/2023**

## कुमाऊं विवि में बनेगा स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेन्टर : प्रो. उपाध्याय

**भीमताल।** उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वाधान में गुजरात स्थित भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान में आयोजित छह दिवसीय फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कुमुद उपाध्याय ने प्रतिभाग किया।



अहमदाबाद में कार्यक्रम में मौजूद प्रो उपाध्याय उत्तर उजाला

कार्यक्रम से लौटने के बाद प्रो. उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्टार्टअप एवं उद्यमिता विकास योजना को मूर्त रूप देने के लिए उत्तराखंड सरकार ने देवभूमि उद्यमिता योजना शुरू की गई है। योजना के अंतर्गत उद्यमिता शिक्षा के साथ ही शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में चर्चा एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवाचार, स्टार्टअप, उद्यमिता, बिजनेस वैल्यू, ब्रांडिंग, फंडिंग, उद्यमिता शिक्षा, उत्तराखंड में संभावित स्टार्टअप के क्षेत्र में संभावनाएं, छात्र को उद्यमिता संबंधी जागरूकता एवं प्रोत्साहन दिया जायेगा। डॉ उपाध्याय ने बताया कि वह शीघ्र ही कुलपति से मिलेंगे। इस सेंटर के माध्यम से स्टार्टअप के इच्छुक युवाओं को स्टार्टअप से जुड़ी योजनाओं को अमली जामा पहनाने में सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डा. सुनील शुक्ल, कार्यक्रम समन्वयक डा. अमित दिवेदी, डा. अंजनी सिंह एवं संस्थान के फैकल्टी एवं स्टार्टअप में कार्य कर रहे उद्यमियों ने उद्यमिता एवं स्टार्टअप के व्यावहारिक प्रशिक्षण उद्यमिता एवं रोजगार के बारे में समझाया गया।

**Press Release in Bhimtal@Nainital (18/11/2023)**

# कुमाऊं विवि में बनेगा इन्क्यूबेशन सेंटर

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह की ओर से शुरू किए गए स्टार्टअप एवं उद्यमिता विकास योजना को मूर्त रूप देने के लिए उत्तराखंड सरकार की ओर से 'देवभूमि उद्यमिता योजना' शुरू की गई है। इसके तहत युवाओं को कौशल संवर्धन एवं स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है।

योजना के तहत उत्तराखंड शासन एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में 5 नवंबर से 10 नवंबर तक आयोजित छह दिवसीय फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट कार्यक्रम में अहमदाबाद, गुजरात के भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कुमुद उपाध्याय ने प्रतिभाग किया।

डॉ उपाध्याय ने बताया की वह शीघ्र ही कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत से मिल कर इस विषय में जानकारी साझा करेंगे तथा योजना के क्रियान्वन के लिए निर्देशन प्राप्त करेंगे। कुमाऊं विश्वविद्यालय में इस योजना के तहत स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेण्टर की स्थापना का लक्ष्य है।

योजना के अंतर्गत उद्यमिता शिक्षा के साथ ही शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में चर्चा एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ. सुनील शुक्ल कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अमित द्विवेदी, डॉ. अंजनी सिंह एवं संस्थान के फैकल्टी एवं स्टार्टअप में कार्य कर रहे उद्यमियों द्वारा उद्यमिता एवं स्टार्टअप के व्यावहारिक प्रशिक्षण उद्यमिता एवं रोजगार पर विस्तार से समझाया गया।

**Press Release on Incubation Centre in Kumaon University (Amrit Vichar @ Haldwani)**

**Date- 11/11/2023**

से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संवाद

# कुवि में बनेगा स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि में इनक्यूबेशन सेंटर के जल्द बनने की उम्मीद बढ़ गई हैं। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत फैकल्टी मेंटर डवलपमेंट कार्यशाला अहमदाबाद गुजरात के भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर लौटे कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कुमुद उपाध्याय ने इस संबंध में जल्द पहल करने की बात कही है। अहमदाबाद से लौटने के बाद उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से शुरू किए गए स्टार्टअप एवं उद्यमिता विकास योजना को मूर्त रूप देने के लिए राज्य सरकार की ओर से देवभूमि उद्यमिता योजना शुरू की गई है। वह शीघ्र ही कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत से मिल कर इस विषय में जानकारी साझा करेंगे। बताया कि कुमाऊं विवि में स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना का लक्ष्य है। संवाद

# अशोक लेलैंड के 10 वाहनों की डिलीवरी दी

**Amar Ujala @ Haldwani**

**Date- 18/11/2023**

## छात्रों को उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण दिया

नरेंद्रनगर (टिहरी)। सशक्त युवा, सशक्त उत्तराखंड और मेरा कौशल, मेरी पहचान के बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से देवभूमि उद्यमिता योजना शुरू की गई है। यहां राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर के पर्यटन विभागाध्यक्ष डॉ. संजय महर ने बताया कि उत्तराखंड सरकार और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वाधान में 5 से 10 नवंबर तक आयोजित फैकल्टी मेंटल डेवलपमेंट प्रशिक्षण अहमदाबाद के भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान में प्रशिक्षण दिया गया। योजना के तहत उद्यमिता शिक्षा के साथ ही शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में कौशल संवर्धन एवं रोजगार हेतु प्रेरित करना है। संवाद

**Press Release @ Narendra Nagar (Tehri Garhwal)**

**Date-20/11/2023**

राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र
उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड व नई दिल्ली से प्रकाशित
# स्वतंत्र चेतना
हरिद्वार, वर्ष 11 अंक 01
17 नवम्बर, 2023
12 मूल्य ₹4.00
www.swatantrachetnanews.com



## युवाओं को उद्यमिता एवं स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा

स्वतंत्र चेतना

नरेंद्रनगर। सशक्त युवा-सशक्त उत्तराखंड एवं मेरा कौशल-मेरी पहचान जैसे वाक्यों के सफल क्रियान्वयन हेतु उत्तराखंड सरकार द्वारा शुरू की गई देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत अहमदाबाद , गुजरात से फैकल्टी मेंटरशिप प्रशिक्षण से लौटे राजकीय महाविद्यालय नरेंद्र नगर के पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 संजय महर ने बताया कि शासन द्वारा शुरू की गई देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत युवाओं को उद्यमिता एवं स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा।



भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद एवं उत्तराखंड शासन के संयुक्त तत्वाधान में फैकल्टी मेंटल डेवलपमेंट कार्यक्रम दिनांक 5 नवंबर 2023 से 10 नवंबर 2023 तक आयोजित किया गया। योजना का मुख्य उद्देश्य उद्यमिता शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में कौशल संवर्धन एवं रोजगार कौशल हासिल करना है।

नवाचार, स्टार्टअप , उद्यमिता आइडियाज, समस्या का चुनाव, बिजनेस वैल्यू , ब्रांडिंग, फंडिंग, उद्यमिता शिक्षा, उत्तराखंड उत्पाद, पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग, योग, आयुर्वेद, हर्बल, एरोमेटिक मेडिसिनल प्लांट्स के क्षेत्र में संभावनाएं, छात्र उद्यमिता, देवभूमि उद्यमिता योजना एवं इसके सशक्त प्रभावीकरण पर उद्यमिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

अब मेंटर के रूप में डॉ0 महर छात्र छात्राओं को कौशल विकास एवं नवाचार एवं उद्यमिता का प्रशिक्षण देंगे। स्टार्टअप में कार्य कर रहे उद्यमियों एवं सेवा प्रदाताओं के सहयोग से उद्यमिता एवं स्टार्टअप के व्यावहारिक प्रशिक्षण उद्यमिता एवं रोजगार के अवसर तलाशे जाएंगे। युवाओं को प्रशिक्षित कर उच्च शिक्षा में उद्यमिता एवं रोजगार हेतु उद्यमिता कौशल केंद्र की स्थापना से बूट कैंप्स का आयोजन कर देवभूमि उद्यमिता योजना में स्वरोजगार एवं उद्यमिता हेतु प्रेरित किया जाएगा।

**Press Release@ Narendra Nagar in Swatantra Chetna**

**Date: 17/11/2023**

दैनिक जागरण देहरादून, 15 नवंबर, 2023
गढ़वाल जागरण

## उद्यमिता शिक्षा के साथ स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा

**नई टिहरी:** धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर के पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष डाक्टर संजय महर और उत्तराखंड शासन एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में पांच से 10 नवंबर तक आयोजित पांच दिवसीय फैकल्टी मेंटल डेवलपमेंट कार्यक्रम में अहमदाबाद, गुजरात के भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त किया। (जासं)

**Press Release @New Tehri**
**Date-15/11/2023**
**Dainik Jagran**

# डॉ. महर उद्यमिता के क्षेत्र के छात्रों को करेंगे प्रशिक्षित

- आत्मनिर्भर बनने के गुर सिखाए जाएंगे
- विभागाध्यक्ष डा. संजय ने दी जानकारी

नई टिहरी/नरेंद्रनगर, हिटी। धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर में जल्द ही उद्यमिता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में छात्र-छात्राओं को उद्यमिता व कौशल से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के गुर सिखाए जाएंगे।

अहमदाबाद, गुजरात के भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे महाविद्यालय के पर्यटन विभागाध्यक्ष डॉ. संजय महर ने बताया कि उत्तराखंड शासन एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में 5 से 10 नवंबर पांच दिवसीय फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अंतर्गत उद्यमिता शिक्षा के साथ ही शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में कौशल संवर्धन एवं रोजगार को प्रेरित करना है। नवाचार, स्टार्टअप, उद्यमिता आइडियाज, समस्या का चुनाव, बिजनेस वैल्यू, ब्रांडिंग, फंडिंग, उद्यमिता शिक्षा, उत्तराखंड उत्पाद, पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग, योग, आयुर्वेद, हर्बल, एरोमैटिक मेडिसिनल प्लांट्स के क्षेत्र में संभावनाएं, छात्र उद्यमिता, देवभूमि उद्यमिता योजना एवं इसके सशक्त प्रभावीकरण पर उद्यमिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे विषय विशेष विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम से लौटने के बाद मेंटर के रूप में डॉ. महर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को कौशल विकास एवं नवाचार एवं उद्यमिता का प्रशिक्षण देंगे।



**Press Release@New Tehri (Narendra Nagar)**

**Date-16/11/2023**

# बुलंदवाणी, 4 नवंबर 2023

## कर्णप्रयाग कालेज के डा.बहुगुणा अहमदाबाद में छह दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण हेतु चयनित

**बुलन्द वाणी/संजय राजपूत**

**चमोली।** डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा.हरीश बहुगुणा का चयन फैकल्टी मेन्टर के रूप में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के लिए हुआ है। प्राचार्य प्रो.के.एल. तलवाड़ के अनुसार राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता,स्टार्ट अप एवं नवाचार आदि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय उद्यमिता



विकास संस्थान अहमदाबाद सहायतित देवभूमि उद्यमिता योजना लागू की गई है।महाविद्यालय के डा.बहुगुणा फर्स्ट कोहर्ट में 5 से 10 नवंबर तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में प्रशिक्षण में प्रतिभाग करेंगे।

उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय की कौशल विकास समिति के संयोजक डा.हरीश बहुगुणा द्वारा यह प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत सीमांत जनपद चमोली के विद्यार्थी भी लाभान्वित होंगे। महाविद्यालय परिवार ने डा.बहुगुणा के चयन पर प्रसन्नता जताई है।

**Karanprayag@Chamoli Date- 04/11/2023**

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
देहरादून
गुरुवार
16 नवंबर 2023
02

# छात्रों को उद्यमिता का प्रशिक्षण देंगे

नई टिहरी/नरेंद्रनगर, हिटी। धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर में जल्द ही उद्यमिता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में छात्र-छात्राओं को उद्यमिता व कौशल से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के गुर सिखाए जाएंगे।

अहमदाबाद, गुजरात के भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे महाविद्यालय के पर्यटन विभागाध्यक्ष डॉ. संजय महर ने बताया कि युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में कौशल संवर्धन एवं रोजगार को प्रेरित करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम से लौटने के बाद मेंटर के रुप में डॉ. महर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को उद्यमिता का प्रशिक्षण देंगे।

**@New Tehri (Narendra Nagar) Date- 16/11/2023**

# डोईवाला महाविद्यालय बनेगा देवभूमि उद्यमिता योजना का केंद्र

डोईवाला, लोकसत्य




शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोईवाला देवभूमि उद्यमिता योजना का केंद्र बनेगा यह कहना है महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ त्रिभुवन चंद्र का जिन्होंने योजना को साकार करने के लिए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में सात दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया।

उत्तराखंड सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय डोईवाला देवभूमि उद्यमिता योजना का केंद्र बनेगा। डॉ त्रिभुवन चंद्र ने बताया की इस केंद्र द्वारा छात्रों में उद्यमशील गुणों को पहचान, प्रोत्साहित कर विकास करना है। छात्र छात्राओं में नवाचार से उद्यम की नयी अवधारणा कैसे उत्पन्न हो इसका प्रशिक्षण देना तथा एक उद्यम पारिस्तिथिकी तंत्र का विकास करना मुख्य कार्य है। बताया की नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भी कौशल विकास के कोर्स भी इसी उद्देश्य से पाठ्यक्रम में शामिल है।

ताकि छात्रों में अपने कौशल, विचार, नवाचार एवं उपलब्ध संसाधनों में कैसे नई तकनीक का विकास कर सके तथा उस तकनीक को बाजार मिल सके। इस योजना में कैंप प्रशिक्षण के माध्यम से महाविद्यालय के छात्रों को अपने विचारो, नवाचारों, कौशल को निखारने का मौका मिलेगा। जिन छात्रों का प्रपोजल पास होगा उनको राज्य सरकार द्वारा अपना उद्यम शुरू करने के लिए महाविद्यालय के माध्यम से राशि दी जाएगी।

**Doiwala Mahavidyalaya@DUY Kendra**

**Date- 17/11/2023**

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में होगी देवभूमि उद्यमता केंद्र की स्थापना

**जयहरीखाल ( दैनिक हाक ):** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल के भौतिक विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. शुभम काला ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में विगत 5 नवंबर से 10 नंवबर तक आयोजित छह दिवसीय देवभूमि उद्यमिता योजना मेंटर प्रशिक्षण फैकल्टी मेंटल डेवलपमेंट कार्यक्रम में प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम में इस योजना का उद्देश्य उद्यमिता शिक्षा के साथ ही शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में कौशल संवर्धन एवं रोजगार हेतु प्रेरित करना है।

अहमदाबाद में प्रशिक्षण के दौरान नवाचार, स्टार्टअप, उद्यमिता आइडियाज, समस्या का चुनाव, बिजनेस वैल्यू, ब्रांडिंग, फंडिंग, उद्यमिता शिक्षा, पर्सनेलिटी डेवलपमेंट, पिचिंग, उत्तराखंड में स्टार्ट अप, पर्यटन एवं उद्योग, छात्र उद्यमिता विषयों पर देवभूमि उद्यमिता योजना एवं इसके सशक्त क्रियान्वयन पर उद्यमिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त प्राध्यापकों द्वारा एक्शन प्लान तैयार कर प्रस्तुत किया गया।

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के निदेशक प्रोफेसर शुक्ला, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. द्विवेदी, डॉ. अंजनी सिंह, डॉ. निमिता एवं संस्थान के फैकल्टी एवं स्टार्टअप में कार्य कर रहे उद्यमियों द्वारा उद्यमिता एवं स्टार्टअप के व्यावहारिक प्रशिक्षण उद्यमिता एवं रोजगार विषय पर विस्तार से समझाया गया।

उत्तराखंड राज्य के देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डॉ. दीपक पांडे ने बताया की योजना के पहले चरण में उत्तराखंड के बाईस प्राध्यापकों ने अहमदाबाद में प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा अब प्रदेश के प्रत्येक महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता केंद्र की स्थापना होगी जिससे छात्र छात्राओं को उद्यमिता व नवाचार के प्रति विस्तार से जानकारी प्रदान की जायेंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पश्चात उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उद्यमिता एवं रोजगार हेतु बूट कैंप के आयोजन के माध्यम से उद्यमिता के लिए प्रेरित किया जाएगा।

राजकीय महाविद्यालय जयहरीखाल प्राचार्य प्रो. लवली रानी राजवंशी ने बताया कि महाविद्यालय में शीघ्र ही उद्यामता केंद्र की स्थापना होगी व डॉ. शुभम काला का प्रशिक्षण अनुभव निश्चित रूप से देवभूमि उद्यमता केंद्र की प्रगति में लाभदायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

**Dainik Hawk of Jaiharikhal (Date- 17/11/2023)**

Amar Ujala 14th nov 23

# देवभूमि उद्यमिता योजना मेंटर प्रशिक्षण से मिलेगी स्वरोजगार की राह

संवाद न्यूज एजेंसी

पिथौरागढ़। देवभूमि उद्यमिता योजना मेंटर प्रशिक्षण कार्यक्रम से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जाएगा। योजना के तहत उद्यमिता शिक्षा के साथ ही शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में कौशल संवर्धन और रोजगार के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**फरवरी 2024 में देहरादून में होने वाले मेगा स्टार्टअप कैंप में शामिल होने का मिलेगा मौका**

बूट कैंप के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के लिए जागरूक किया जाएगा और फरवरी 2024 में देहरादून में होने वाले मेगा स्टार्टअप कैंप में शामिल होने का मौका तो मिलेगा ही साथ ही फंडिंग भी दिलाने का काम किया जाएगा। 17 से 45 आयु वर्ग का कोई भी स्वरोजगार शुरू करने वाले युवक-युवती बूट कैंप का लाभ ले सकते हैं।

देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत फैकल्टी मेंटरशिप प्रशिक्षण के लिए पिथौरागढ़ कैंपस के व्यापार प्रबंधन की डॉ. रुचिता पंगरिया ने उत्तराखंड शासन और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद की ओर से आयोजित गुजरात में पांच से 10 नवंबर तक पांच दिवसीय फैकल्टी मेंटल डेवलपमेंट कार्यक्रम हुआ।

प्रशिक्षण के माध्यम से. नवाचार, स्टार्टअप, उद्यमिता आइडियाज, समस्या का चुनाव, बिजनेस वेल्यू, ब्रांडिंग, फंडिंग, उद्यमिता शिक्षा, उत्तराखंड उत्पाद, पर्यटन, आतिथ्य उद्योग, योग, आयुर्वेद, हर्बल, एरोमेटिक मेडिसनल प्लांट्स के क्षेत्र में संभावनाएं, छात्र उद्यमिता, देवभूमि उद्यमिता योजना और इसके सशक्त प्रभावीकरण पर उद्यमिता के क्षेत्र में विषय विशेष विशेषज्ञों ने जानकारी दी।

**Sanwad News Agency@ Pithoragarh (Amar Ujala-14th Nov, 2023)**

सीएचएम प्रमोद पडियार व हरीश | बी प्रमाण पत्र की परीक्षा के | उमेश पन्त, नवीन जोशी, उषा | अध्यक्ष मुकेश महर ने तिवारी के

Dainik Jagran 14th Nov 23

# एलएसएम परिसर में मिलेगा उद्यमिता प्रशिक्षण

**प्रगति की ओर**

- भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से लौटे संकाय सदस्य
- विद्यार्थियों को कौशल से जोड़कर बनाएंगे आत्मनिर्भर
- उत्तराखंड शासन की ओर से आयोजित हुआ पांच दिनी प्रशिक्षण



गुजरात के अहमदाबाद में देवभूमि उद्यमिता योजना मेंटर प्रशिक्षण में मौजूद महाविद्यालय के संकाय सदस्य • जागरण

संवाद सहयोगी, पिथौरागढ़ : सोबन सिंह जीना (एसएसजे) विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लक्ष्मण सिंह महर (एलएसएम) परिसर में माह के अंतिम सप्ताह में उद्यमिता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान छात्र-छात्राओं को उद्यमिता व कौशल से जोड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

गुजरात राज्य के अहमदाबाद स्थित भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटीं एलएसएम परिसर के व्यापार प्रबंधन की डा. रुचिता पंगरिया ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से राज्य के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए देवीभूमि उद्यमिता योजना संचालित की गई है। इसके माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी क्रम में उत्तराखंड शासन की ओर से भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद, गुजरात में पांच दिवसीय फैकल्टी मेंटल डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

इस प्रशिक्षण में प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थाओं के संकाय सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर नवाचार, स्टार्टअप, उद्यमिता आइडियाज, समस्या का चुनाव, बिजनेस वैल्यू, ब्रांडिंग, फंडिंग, उद्यमिता शिक्षा, उत्तराखंड उत्पाद, पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग, योग, आयुर्वेद, हर्बल, एरोमेटिक मेडिसनल प्लांट्स के क्षेत्र में संभावनाएं, छात्र उद्यमिता, देवभूमि उद्यमिता योजना एवं इसके सशक्त प्रभावीकरण पर उद्यमिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे विषय विशेषज्ञों ने प्रभावी लेक्चर दिए। साथ ही भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के निदेशक, कार्यक्रम समन्वयक, संस्थान के फैकल्टी, स्टार्टअप में कार्य कर रहे उद्यमियों द्वारा प्रतिभागियों को उद्यमिता एवं स्टार्टअप के व्यावहारिक प्रशिक्षण उद्यमिता एवं रोजगार पर विस्तारपूर्वक समझाया गया। डा. पंगरिया ने बताया कि प्रशिक्षण में सीखे अनुभवों को परिसर में होने वाले आगामी उद्यमिता प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं के मध्य साझा किया जाएगा और उन्हें स्वरोजगार अपनाने के गुर सिखाए जाएंगे।

**Dainik Jagran**

**Pithoragarh**

**Date- 14/11/2023**

# सोमेश्वर महाविद्यालय में स्थापित होगा उद्यमिता केंद्र

सोमेश्वर (अल्मोड़ा)। सोमेश्वर महाविद्यालय में जल्द देवभूमि उद्यमिता केंद्र स्थापित किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. अवनींद्र कुमार जोशी ने बताया कि स्वरोजगार और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय में भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद की तरफ से उद्यमिता योजना संचालित की जा रही है। इसके नोडल डॉ. विवेक कुमार आर्या ने फैकल्टी के रूप में तैनाती के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जल्द यहां उद्यमिता केंद्र स्थापित किया जाएगा जहां उद्यमियों को स्वरोजगार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संवाद

# सोमेश्वर कॉलेज में खुलेगा देवभूमि उद्यमिता केंद्र

सोमेश्वर। पीजी कॉलेज सोमेश्वर में जल्द देवभूमि उद्यमिता केंद्र खुलेगा। केंद्र में क्षेत्र उद्यमियों को स्वयं के उद्यम एवं स्टार्टअप और अपना उपक्रम स्थापित करने के लिये उद्यमशीलता शिक्षा और सहयोग प्रदान किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. अवनींद्र कुमार जोशी ने बताया कि राज्य सरकार ने उच्च शिक्षण संस्थानों में स्टार्टअप, स्वरोजगार और नवाचार को बढ़ावा देने के लिये भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद ने देवभूमि उद्यमिता योजना लागू की है।

**<u>Press Release from Someshwar@Almora Date- 18/11/2023</u>**

# जल्द स्थापित होगा देवभूमि उद्यमिता केंद्र

संस, सोमेश्वर : हुकुम सिंह बोरा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोमेश्वर में जल्द ही देवभूमि उद्यमिता केंद्र स्थापित होगा। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एके जोशी ने दी।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से उच्च शिक्षण संस्थानों में स्टार्टअप, स्वरोजगार एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उद्यमिता संस्थान, अहमदाबाद सहायतित देवभूमि उद्यमिता योजना लागू की है। बताया कि महाविद्यालय के लिए नामित नोडल अधिकारी वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. विवेक कुमार आर्या ने भारतीय उद्यमिता संस्थान, अहमदाबाद से फैकल्टी मेंटरशिप के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। डा. विवेक कुमार आर्या के अनुसार इस केंद्र में उद्यमियों को रोजगार सृजन के लिए तैयार किया जाएगा।

Suns@Someshwar

Date- 18/11/2023

# 90 प्राध्यापकों का पहला उद्यमिता कोहार्ट संपन्न

देहरादून (एसएनबी)। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत पहले कोहार्ट का सफलतापूर्वक समापन अहमदाबाद स्थित भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, (ईडीआईआई) में हुआ।

देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी एवं सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग डा. दीपक कुमार पाण्डेय ने बताया कि योजना का उद्देश्य राज्य के विश्वविद्यालयों एवं राजकीय संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप नवाचार एवं उद्यम का पारिस्थितंत्र विकसित करना है। योजना के तहत तीन कोहार्ट में कुल 90 प्राध्यापकों को उद्यमिता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान में देवभूमि उद्यमिता केन्द्र की स्थापना की जाएगी। इस योजना के तहत राज्य उच्च शिक्षण संस्थाओं के 22 संकाय सदस्यों ने ईडीआईआई, अहमदाबाद में 5 नवम्बर से 10 नवम्बर तक प्रशिक्षण लिया। नैनीताल, टिहरी गढ़वाल से तीन-तीन, हरिद्वार, अल्मोड़ा, चमोली, देहरादून से दो-दो, और पौड़ी गढ़वाल, बागेश्वर, उत्तरकाशी, चम्पावत, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग से एक-एक संकाय सदस्यों ने इसमें प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों का चयन साक्षात्कार एवं जनरल इंटर एन्टर्पाइजिंग टेनडेसी टेस्ट के माध्यम से किया गया था।

**अहमदाबाद में चला था नवाचार एवं उद्यम का प्रशिक्षण**

उन्होंने बताया कि अगले दो बैच दिसम्बर माह में छह दिवसीय फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए ईडीआईआई अहमदाबाद जाएंगे। देवभूमि उद्यमिता योजना कार्यक्रम निदेशक डा. अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में संकाय सदस्यों को इस प्रकार से तैयार किया गया है कि वे अब अपने-अपने संस्थान में एक मेंटर के रूप में छात्रों के प्रथम संपर्क बिंदु बनेंगे। यहां के अनुभव से अपने संस्थान को छात्रों को उद्यमिता और नवाचार के लिए प्रेरित करेंगे। विभिन्न असाइनमेंट के माध्यम से नेतृत्व क्षमता, टीम निर्माण एवं संयोजन, क्रिएटिव थिंकिंग, डिजाइन थिंकिंग, बिजनस मॉडल कैनवास, बिजनेस प्लान, स्टार्टअप, इन्क्यूबेशन, फंडिंग तथा उद्यम अध्यापन की तकनीकी एवं छात्रों को उद्यम के प्रति कैसे प्रेरित करना है इत्यादि पर विस्तृत कार्यशालाएं आयोजित की गयी हैं। प्रत्येक प्रतिभागी द्वारा एक्शन प्लान बना कर प्रस्तुतीकरण भी किया गया।

**SNB@Dehradun (Date- 11/11/2023)**

## संपादकीय

### एपल की ओर से जो अलर्ट आया है, वो...

## सहारा श्री का अंतिम संस्कार, पोते हिमांक राय ने दी मुखाग्नि





## राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में होगी देवभूमि उद्यमता केंद्र की स्थापना



## हंस फाउंडेशन के नेत्र जांच शिविर में 60 लोगों ने कराया पंजीकरण: डी पी उनियाल



## ज्योग्राफिकल सोसायटी ऑफ सेंट्रल हिमालय एवं एसएसजे विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के संयुक्त तत्वाधान में किया गया GIS दिवस का आयोजन



## ऋषिकेश में पहली बार शाबर मंत्र सिद्धि साधना का पंच दिवसीय शिविर आज (17 नवम्बर) से प्रारम्भ



## राजकीय महाविद्यालय मरगूबपुर में खुलेगा देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र

बुलन्द वाणी/संजय राजपूत



## दिल्ली में छठ के लिए तैयार हुए 1000 घाट



समाचार पत्र में प्रकाशित सभी लेखों, विचारों व समाचारों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इसके लिए लेखक ही स्वयं उत्तरदायी होगा। समाचार पत्र से संबंधित सभी विवादों का निस्तारण केवल मेरठ न्यायालय में मान्य होगा। -सम्पादक

मालिक मुद्रक व प्रकाशक तब्बसुम कुरैशी ने गोधी प्रिंटर्स, 119 मुल्तान नगर बागपत रोड मेरठ शहर से छपवाकर, कार्यालय 63, ... मेरठ से प्रकाशित किया।
सम्पादक तब्बसुम कुरैशी, मो.-9368347421, मेल-आईडी : Email-dainikbulandvani@gmail.com आरएनआई नं. UPHIN/2016/7...

**Devprayag and Magrurpur (Date- 17/11/2023)**

# बुलंदवाणी, 12 नवंबर 2023

# रोजगार एवं स्वरोजगार का केंद्र बनेगा कर्णप्रयाग महाविद्यालय



**बुलन्द वाणी/संजय राजपूत**

**चमोली, कर्णप्रयाग।** उत्तराखंड राज्य सरकार की नवीन 'देवभूमि उद्यमिता योजना' के अंतर्गत कर्णप्रयाग महाविद्यालय में विद्यार्थियों को उद्यमिता के बारे में जागरूक कर उनमें उद्यमिता विकास किया जाएगा। राज्य सरकार भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के साथ मिलकर राज्य के महाविद्यालयों में उद्यमिता विकास के मार्ग तलाश रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.के. एल. तलवाड़ ने कहा कि छात्रों में छिपे कौशल ही उनके विकास एवं इस क्षेत्र के विकास के माध्यम होंगे। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में 5 से 10 नवंबर तक चलाए जाने वाले फैकल्टी मेंटर कार्यक्रम में प्रतिभाग लेने वाले डॉ. हरीश बहुगुणा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें स्थानीय लोगों में एवं विद्यार्थियों में किस प्रकार उद्यमिता कौशल का विकास किया जा सकता है यह सब जानकारी दी गई। *विशेष* कर्णप्रयाग महाविद्यालय में जल्द ही बूट कैंप आयोजित किया जाएगा । इस बूट कैंप में विद्यार्थियों एवं स्थानीय लोगों तक उद्यमिता की जागरूकता एवं उद्यमिता विकसित करने की जानकारी दी जाएगी।

**Karnprayag@Bulanwani (Date- 12/11/2023)**

# महाविद्यालय डोईवाला देवभूमि उद्यमिता योजना का केंद्र होगा

डोईवाला(एसएनबी)। शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोईवाला देवभूमि उद्यमिता योजना का केंद्र बनेगा। महाविद्यालय के प्रोफेसर त्रिभुवन चंद्र ने बताया कि योजना को साकार करने के लिए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में सात दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया।उत्तराखंड सरकार व उच्च शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय डोईवाला देवभूमि उद्यमिता योजना का केंद्र बनेगा। डॉ.त्रिभुवन चंद्र ने बताया की इस केंद्र द्वारा छात्रों में उद्यमशील गुणों को पहचान, प्रोत्साहित कर विकास करना है।एक उद्यम पारिस्तिथिकी तंत्र का विकास करना मुख्य कार्य है। योजना में कैंप प्रशिक्षण के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अपने विचारों, नवाचारों, कौशल को निखारने का मौका मिलेगा। इन छात्रों का प्रपोजल पास होगा उनको राज्य सरकार द्वारा अपना उद्यम शुरू करने के लिए महाविद्यालय के माध्यम से धनराशि दी जाएगी।

**SNB@Doiwala (Date- 17/11/2023)**

दौरान नवाचार, स्टार्टअप , फंडिंग, उद्यमिता शिक्षा, एवं उद्योग, छात्र उद्यमिता विषयों में उत्तराखंड के 22 प्राध्यापकों ने

-तथा वापस लाने एवं आप्रेशन रहने खाने की निःशुल्क व्यवस्था हंस फाउंडेशन की ओर से है। शिविर में डाक्टर अमित रावत ने जांच के दौरान आंखों की सुरक्षा

# ज्योग्राफिकल सोसायटी ऑफ सेंट्रल हिमालय एवं एसएसजे विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के संयुक्त तत्वाधान में किया गया GIS दिवस का आयोजन

बुलन्द वाणी/संजय राजपूत



देहरादून। ज्योग्राफिकल सोसायटी ऑफ सेंट्रल हिमालय एवं एस0 एस0 जे0 विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के संयुक्त तत्वाधान से GIS (भौगोलिक सूचना तंत्र) दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि एस0 एस0 जे0 विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के कुलपति प्रो0 सतपाल सिंह बिष्ट रहे। तथा मुख्य वक्ता प्रोफेसर जे. एस. रावत अल्मोड़ा प्रो० डी०एन० पंत सेवानिवृत्ति वैज्ञानिक आईआईआरएस देहरादून प्रो०डी०डी०चौनीयाल सेवानिवृत्ति देहरादून ने अपना व्याख्यान दिया कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट GIS दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में GIS की बढ़ती हुई उपयोगिता एवं उपयोग पर अपना संबोधन दिया मुख्य वक्ता प्रोफेसर जे०एस ०रावत ने उत्तराखंड भूगोल को GIS की मदद से सरलीकरण कर विश्व में भौगोलिक बदलते वातावरण के लिए अति आवश्यक है 'इससे होने वाले विश्लेषण को समझाया। प्रोफेसर डी०एन० पंत ने GIS को कम खर्चीला एवं समय की बर्बादी को बचाता है उन्होंने मानचित्र के इतिहास से लेकर भविष्य तक इसकी आवश्यकताओं पर अपना व्याख्यान दिया।

प्रोफेसर डी०डी० चौनीयाल GISऔर डिजिटल कार्टोग्राफी को समझाया तथा मानचित्र के लिए सरलीकरण तथा मानचित्रण प्रणाली के आधारभूत तत्वों को समझाकर एक मानचित्र निर्माण के लिए मूलभूत तत्वों पर अपना व्याख्यान दिया GSCH की अध्यक्ष प्रोफेसर अनीता रूडोला ने सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा समिति के गठन का उद्देश्य बताया उन्होंने बताया कि समिति का गठन सेवानिवृत्त बुद्धिजीवियों भूगोल वेत्ताओं का ज्ञान नये भूगोलवेत्ताओं तक पहुंचाना तथा पाठ्यक्रम में आधुनिक विषय वस्तु के लिए विश्वविद्यालय महाविद्यालय एवं सरकार को सुझाव देना है ,GIS भूगोल की आवश्यकता है इसलिए समिति द्वारा अपने दिवसों में शामिल किया गया डॉ किरण त्रिपाठी द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद किया गया वह डॉक्टर राजेश ने सेमिनार का संचालन किया डॉ बी०पी० सती द्वारा मुख्य वक्ताओं की व्याख्यान को सारांशित कर सरल भाव में प्रस्तुत किया गया डॉ मंजू भंडारी द्वारा सेमिनार में पूरा सहयोग किया गया।

अंत में प्रोफेसर कमलेश कुमार संरक्षक द्वारा मुख्य वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया उन्होंने कहा कि भूगोल की बदलता परिवेश में जिस समय की बचत कर रहा है जिससे कि अब भूगोल की मूल बिंदुओं पर कार्य करने का समय आ गया है इस अवसर पर प्रोफेसर बी० आर०पंत,डॉ दीपक अल्मोड़ा ,डॉ०नरेश पंत डॉ ०वीर सिंह प्रो० एम०एस० पावर आदि सम्मिलित रहे।

# ऋषिकेश में पहली पंच दिवसीय शिवि

बुलन्द वाणी/संजय राजपूत

देहरादून, ऋषिकेश। योग की नगरी ऋषिकेश में पहली बार शाबर मंत्र सिद्धि साधना शिविर का पांच दिवसीय शिविर सद्गुरु पंडित नारायण दत्त श्रीमाली के शिष्य शाबर साधना, लक्ष्मी साधना, वैदिक व तंत्र साधना में सिद्धि प्राप्त पूज्य प्रवीण जोशी जी के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है, जो 17 नवम्बर से 21 नवम्बर तक चलेगा। इस शिविर में देश के कोने कोने से साधक भाग लेंगे। शाबर मन्त्र साधना

# राजकीय महाविद्यालय मरगूबपुर में खुलेगा देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र

बुलन्द वाणी/संजय राजपूत



हरिद्वार, मरगूबपुर। उत्तराखंड सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजनाओं में से देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत फैकल्टी मेंटरशिप प्रशिक्षण हेतु राजकीय महाविद्यालय मरगूबपुर राजनीति विज्ञान असि. प्रोफेसर व देव भूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डॉ गिरिराज सिंह द्वारा उत्तराखंड शासन एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 5 नवंबर 2023 से 10 नंवबर 2023 तक आयोजित 6 दिवसीय फैकल्टी मेंटर्स डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद गुजरात में प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। योजना का उद्देश्य उद्यमिता शिक्षा के साथ ही शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में कौशल संवर्धन एवं रोजगार हेतु प्रेरित करना है। इसके अंतर्गत नवाचार, स्टार्टअप , उद्यमिता आइडियाज, समस्या का चुनाव, बिजनेस वैल्यू , ब्रांडिंग, फंडिंग, उद्यमिता शिक्षा, , उत्तराखंड में स्टार्ट अप, पर्यटन एवं उद्योग, छात्र उद्यमिता विषयों पर देवभूमि उद्यमिता योजना एवं इसके सशक्त क्रियान्वयन पर उद्यमिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए एवम कार्यशाला आयोजित कराई गई। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में 5 से 10 नवम्बर 2023 तक चलाए गए फैकल्टी मेंटर डवलपमेंट प्रोग्राम में प्रशिक्षण ले कर आये डॉ गिरिराज सिंह ने बताया कि उत्तराखण्ड सरकार की नई महत्वाकांक्षी देवभूमि उद्यमिता योजनाह के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय मरगूबपुर में विद्यार्थियों को उद्यमिता के बारे में जागरूक कर उनमें उद्यम शीलता का विकास किया जाएगा। राज्य सरकार उत्तराखंड व भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में चल कर रही योजना राज्य के विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में उद्यमिता विकास के मार्ग तलाश कर युवाओं को दिशा देने जा रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यपाल सिंह ने कहा कि छात्रों में छिपे कौशल से ही उनका विकास एवं इस क्षेत्र का, विकास हो सकेगा। डॉ. गिरिराज सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उत्तराखण्ड के स्थानीय लोगों, युवाओं और विद्यार्थियों में प्रतिभा व कौशल की खोज करने के तरीकों की जानकारी दी गयी। स्वरोजगार शुरू करने के लिए आवश्यक कौशल के बारे में बताया। डॉ.गिरिराज सिंह ने बताया कि राज्य सरकार भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के साथ मिलकर प्रदेश के युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक करने का कार्य रही है। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद की एक टीम दून देहरादून में केन्द्र के माध्यम से राज्य सरकार के उद्देश्यों को पूरा करने में मदद कर रही है। प्रशिक्षण के दौरान राज्य के 22 प्रोफेसरों ने उद्यमिता की बारीकियों को समझकर उद्यमिता से सम्बन्धि विचार भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद की टीम समक्ष रखकर उत्तराखंड के युवाओं को रोजगार एवं स्टार्टअप से जोड़ने का संकल्प लिया` डॉ. गिरिराज सिंह ने प्रशिक्षण के अनुभव बताते हुए कहा कि देवभूमि उद्यमिता विकास प्रोग्राम उत्तराखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा` और बताया कि राजकीय महाविद्यालय मरगूबपुर में जल्द ही बूट कैंप आयोजित होगा जिसमें विद्यार्थियों और स्थानीय युवाओं व लोगों में उद्यमिता के प्रति जागरूकता पैदा की जाएगी और उद्यमिता विकसित करने की जानकारी दी जाएगी। ताकि विद्यार्थी व अन्य स्थानीय युवा उद्यमिता की ओर आकर्षित हो सकें।

समाचार पत्र में प्रकाशित सभी लेखो, विचारों व समाचारों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इसके लिए लेखक ही स्वयं उत्तरदायी होगा। समाचार पत्र से संबंधित सभी विवादों क

**Bulandwani@Haridwar Date- 17/11/2023**

**आज**

www.ajhindidaily.com

**उत्तराखण्ड समाचार**

# नई पहल : कुमाऊँ विश्वविद्यालय में बनेगा स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेन्टर

> **बोले : कम्युनिटी कालेज के प्राचार्य प्रो.कुमुद उपाध्याय**
> **भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर लौटे वापस**



आज समाचार सेवा

नैनीताल। सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा शुरू किये गए स्टार्टअप एवं उद्यमिता विकास योजना को मूर्त रूप देने के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा देवभूमि उद्यमिता योजना शुरू की गई है। इसके तहत युवाओं को कौशल संवर्धन एवं स्वरोजगार हेतु प्रेरित करना है। इस योजना के तहत उत्तराखंड शासन एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वाधान में 5 नवंबर 2023 से 10 नवम्बर 2023 तक आयोजित छह दिवसीय फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट कार्यक्रम में अहमदाबाद तथा गुजरात के भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के प्रोफेसर कुमुद उपाध्याय द्वारा प्रतिभाग किया। बता दें कि अहमदाबाद के गांधीनगर स्थित भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान विगत 40 वर्षों से उद्यमिता शिक्षा एवं प्रशिक्षण देता आ रहा है। योजना के अंतर्गत उद्यमिता शिक्षा के साथ ही शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में चर्चा एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवाचार तथा स्टार्टअप व उद्यमिता व बिजनेस वैल्यू, ब्रांडिंग, फंडिंग तथा उद्यमिता शिक्षा व उत्तराखंड में संभावित स्टार्टअप के क्षेत्र में संभावनाएं छात्र को उद्यमिता सम्बन्धी जागरूकता एवं प्रोत्साहन दिया जायेगा।

डॉ उपाध्याय ने बताया की वह शीघ्र ही विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत से मिल कर इस विषय में जानकारी साझा करेंगे तथा योजना के क्रियान्वन के लिए निर्देशन प्राप्त करेंगे। कहा कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय में इस योजना के तहत स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेण्टर की स्थापना का लक्ष्य है। इस सेण्टर के माध्यम से स्टार्टअप के इच्छुक युवाओं को स्टार्टअप से जुडी योजनाओं को अमली जामा पहनाने में सहयोग प्रदान किया जायेगा साथ ही सेण्टर के माध्यम से छात्रों के मध्य उद्यमिता जागरूकता, बूट कैंप प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जायेगा जिसमें विद्यार्थियों और स्थानीय युवाओं व लोगों में उद्यमिता के प्रति जागरूकता पैदा की जाएगी तथा उद्यमिता विकसित करने की जानकारी दी जाएगी। इस योजना का लाभ 18 से 45 वर्ष के सभी लोग उठा सकते हैं। देवभूमि उद्यमिता योजना एवं इसके सशक्त क्रियान्वन पर उद्यमिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे विषय विशेष विशेषज्ञों द्वारा उद्यमिता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गयी। फैकल्टी मेंटर के माध्यम से विश्वविद्यालय एवं डिग्री कॉलेज के शिक्षकों के द्वारा छात्रों को उद्यमिता विकास के लिए प्रोत्साहन तथा दिशा निर्देश प्रदान करने पर भी कार्यक्रम में वक्तव्य दिए गए। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ. सुनील शुक्ल, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अमित दिवेदी तथा डॉ. अंजनी सिंह एवं संस्थान के फैकल्टी एवं स्टार्टअप में कार्य कर रहे उद्यमियों द्वारा उद्यमिता एवं स्टार्टअप के व्यावहारिक प्रशिक्षण उद्यमिता एवं रोजगार पर विस्तार से समझाया गया।

**Uttarakhand Samachar of Aaj@Nainital Date- 18/11/2023**

# डा० राम भरोसे का 6 दिवसीय प्रशिक्षण नई पीढ़ी के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा

**वाचस्पति रयाल**
**दैनिक सरल एक्सप्रेस**

**नरेन्द्रनगर।** पट्टी क्वीली के पोखरी स्थित बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय में हिन्दी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा० राम भरोसे का चयन गुजरात के अहमदाबाद स्थित भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान में 6 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए चयन होने पर महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं, विद्यालय स्टाफ व क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

पोखरी महाविद्यालय की प्राचार्य डा० शशि बाला वर्मा ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि स्वावलंबन के क्षेत्र में दक्षता प्राप्त करने हेतु राज्य के



उच्च शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता, स्टार्टअप तथा नवाचार आदि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में करियर की शानदार शुरुआत करने वाले इच्छुक युवक–युवतियों को प्रशिक्षण देने के मकसद से गुजरात स्टेट के अहमदाबाद में सहायतित देवभूमि उद्यमिता योजना लागू की गई है।

पोखरी महाविद्यालय के हिंदी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० राम भरोसे का उक्त संस्थान में प्रशिक्षण लेने हेतु चयन किया गया है, जो 5 से 10 नवंबर तक उक्त प्रशिक्षण संस्थान में प्रतिभाग कर रहे हैं। महाविद्यालय के प्रेस प्रवक्ता नरेन्द्र बिजल्वाण ने बताया कि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर शशी बाला वर्मा, महाविद्यालय स्टाफ, छात्र–छात्राओं सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों को उम्मीद है कि डॉ राम भरोसे के प्रशिक्षण प्राप्त करने से क्षेत्र के युवक–युवतियों को ही नहीं, बल्कि अन्य नागरिकों को भी उद्यमिता व कौशल विकास के क्षेत्र में स्वावलंबन की दिशा में कदम बढ़ाने को नई प्रेरणा मिलेगी। छात्र–छात्राओं, महाविद्यालय स्टाफ व क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि डॉ राम भरोसे द्वारा लिया जाने वाला प्रशिक्षण उद्यमिता के क्षेत्र में युवाओं को स्वावलंबन की दिशा में नई प्रेरणा देने के लिए अहम भूमिका निभाते हुए, जीवन का करियर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

**Dainik Saral Express@Narendra Nagar (Date- 11/11/2023)**

देहरादून, गुरुवार
23 नवंबर, 2023
हरिद्वार संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16
www.jagran.com

# दैनिक जागरण



## छात्र-छात्राओं को दिया गया उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण

संवाद सूत्र, खानपुर : सशक्त युवा, सशक्त उत्तराखंड और मेरा कौशल, मेरी पहचान को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से देवभूमि उद्यमिता विकास योजना के अंतर्गत रानी धर्म कुंवर राजकीय महाविद्यालय दल्लावाला, खानपुर में छात्र-छात्राओं को उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बुधवार को प्रशिक्षण के दौरान कालेज की हिंदी विभागाध्यक्ष रेणु देवी ने बताया कि उत्तराखंड सरकार और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में पांच से 10 नवंबर तक आयोजित फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रशिक्षण दिया गया था। राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डा. संतोष कुमार, समाजशास्त्र के प्राध्यापक डा. धनंजय शर्मा, संस्कृत के प्राध्यापक डा. भूपेंद्र सहित महाविद्यालय की प्राचार्य डा. निवेदिता प्रियदर्शनी द्वारा भी छात्र-छात्राओं के अंदर उद्यमिता कौशल विकास को विकसित करने पर बल दिया गया।

इस मौके पर काजल, साक्षी, स्वाति, शीतल, कोमल, करिश्मा, राखी, खुशी, सानिया, आरती, मोनी, रेणुका, रविता, अंजलि, नीरु, रचना, प्रियंका, इंद्रेश, पारुल, रितु, जूली, वर्षा, सलोनी, राजन आदि मौजूद रहे।

**Dainik Jagran (Date: 23/11/2023)**

## नंदासैंण में खुलेगा देवभूमि उद्यमिता केंद्र

गोपेश्वर (एसएनबी)। राजकीय महाविद्यालय नंदासैंण में देवभूमि उद्यमिता केंद्र स्थापित होगा। महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. एनडी नौटियाल ने बताया कि नंदासैंण महाविद्यालय में जल्द देवभूमि उद्यमिता केंद्र खुलेगा। इसके तहत उद्यमियों को उद्यम एवं स्टार्टअप तथा उपकरण स्थापित करने के लिए उद्यमशीलता शिक्षा प्रदान की जाएगी।

केंद्र में उद्यम एवं स्टार्टअप के लिए शिक्षा प्रदान की जाएगी

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में देवभूमि उद्यमिता योजना प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के बाद उन्होंने बताया कि इस दौरान फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों को टिप्स दिए गए। डा. नौटियाल ने बताया कि राज्य सरकार ने देवभूमि उद्यमिता विकास योजना प्रारंभ की है। इसके अंतर्गत उद्यमिता शिक्षा के साथ शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में विचार, विमर्श, मंथन तथा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

योजना का उद्देश्य उद्यमिता शिक्षा के साथ शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में कौशल संवर्धन एवं रोजगार हेतु प्रेरित करना है। प्रशिक्षण के दौरान नवाचार, स्टार्टअप, उद्यमिता आइडियाज, समस्या का चुनाव, बिजनेस वैल्यू, ब्रांडिंग, फंडिंग, उद्यमिता शिक्षा, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, पिचिंग, स्टार्ट अप, पर्यटन एवं उद्योग व छात्र उद्यमिता पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। योजना के अंतर्गत नंदासैंण महाविद्यालय के आसपास जागरूकता प्रोग्राम, बूट कैंप, प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जाएगा। इसमें विद्यार्थियों और स्थानीय युवाओं व लोगों में उद्यमिता के प्रति जागरूकता पैदा की जाएगी। योजना में नियमानुसार फंडिंग भी उपलब्ध कराने का प्रावधान है। योजना में कोई भी युवा व 50 साल तक का व्यक्ति स्वरोजगार शुरू करने की इच्छा रखने वाले प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्राध्यापकों द्वारा एक्शन प्लान तैयार कर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। उत्तराखंड राज्य के देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डा. दीपक पांडे ने बताया कि योजना के पहले चरण में उत्तराखंड के 22 प्राध्यापकों ने अहमदाबाद में प्रशिक्षण प्राप्त किया। अब प्रदेश के हर महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता केंद्र की स्थापना होगी। इससे छात्र छात्राओं को उद्यमिता एवं नवाचार के प्रति विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. बीकें सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में शीघ्र ही उद्यमता केंद्र की स्थापना होगी।

# उद्यमिता केंद्र जल्द खुलेगा

कर्णप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय नंदासैंण में जल्द देवभूमि उद्यमिता केंद्र खुलेगा। जिसमें उद्यमियों को स्वयं के उद्यम एवं स्टार्टअप के साथ ही अपना उपक्रम स्थापित करने के लिए उद्यमशीलता शिक्षा और सहयोग प्रदान किया जायेगा। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ नीटू नौटियाल ने बताया कि उन्होंने महाविद्यालय की ओर से भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद में छह दिवसीय देवभूमि उद्यमिता योजना मेंटर प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। बताया कि राज्य सरकार की ओर से उद्यमिता विकास योजना प्रारंभ की गई है।

www.jagran.com



पीजी कालेज लोहाघाट में उद्यमिता विकास जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मंचासीन विषय विशेषज्ञ एवं प्राध्यापक ● सौ. महाविद्यालय

# लोहाघाट महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मिलेगा उद्यमिता का प्रशिक्षण

संस, लोहाघाट : स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उद्यमिता विकास जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी प्राचार्य डा. अपराजिता की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में नोडल डा. अर्चना त्रिपाठी ने महाविद्यालय के छात्रों को उद्यम से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत उद्यमशीलता का प्रशिक्षण दिया जाएगा। देवभूमि उद्यमिता योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जो अहमदाबाद की संस्था ईडीआइआइ के साथ मिलकर लागू की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में 250 विद्यार्थियों को पंजीकृत किया जाएगा। बताया कि पंजीकृत विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा उद्यमशीलता की जानकारी दी जाएगी। इससे छात्र-छात्राएं अपना स्टार्ट अप शुरू करने में सक्षम हो पाएंगे। इस कार्य में आस-पास के क्षेत्रों के उद्यमियों के साथ मीडिया कर्मियों को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में सेंटर आफ एक्सीलेंस बनेगा। इस दौरान डा. ऋतु मित्तल, डा. लता कैड़ा, डा. एके द्विवेदी, डा. प्रकाश लखेड़ा, डा. रवि आदि मौजूद रहे।

# लोहाघाट कॉलेज में उद्यमिता विकास पर कार्यशाला

लोहाघाट। राजकीय महाविद्यालय लोहाघाट में बुधवार को उद्यमिता विकास पर कार्यशाला हुई। बुधवार को प्रभारी प्राचार्य डॉ .अपराजिता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला की नोडल डॉ .अर्चना त्रिपाठी ने बताया कि देवभूमि उद्यमिता योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। कार्यक्रम में डॉ .ऋतु मित्तल, डॉ .लता कैड़ा, डॉ .एके द्विवेदी, डॉ .प्रकाश लखेड़ा, डॉ .रवि सनवाल आदि रहे।



**Group Photograph (Cohort-1)**